हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 07 जनवरी 2025, समय 1810 (10 मिनट)

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सी बी आई द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ किया।
- गृह मंत्री ने कहा कि इससे जांच एजेंसियां आवश्यक जानकारी के लिए इंटरपोल से जुड़ सकेंगी।

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गौशालाओं के लिए 216 करोड़ 25 लाख रुपये की चारा अनुदान राशि जारी की। प्रदेश में समूचे गौवंश की टैगिंग की जाएगी।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने नवनियुक्त पटवारियों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण की अवधि डेढ़ वर्ष से घटाकर एक वर्ष करने की घोषणा की।

- हरियाणा की सभी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में इस वर्ष से नई शिक्षा नीति पूरी तरह लागू की जाएगी।

***********

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो-सीबीआई द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ किया। भारतपोल पोर्टल का उद्देश्य इंटरपोल के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय सहायता के लिए सभी अनुरोधों पर कार्रवाई को सुव्यवस्थित करना है, जिसमें रेड नोटिस और अन्य इंटरपोल नोटिस जारी करना शामिल है।

गृह मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि

अमित शाह

उन्होंने कहा कि अब जांच एजेंसियां आवश्यक जानकारी प्राप्त करने के लिए इंटरपोल से जुड़ सकेंगी। श्री अमित शाह ने कहा कि इससे आतंकवाद से संबंधित अपराधों और मादक पदार्थों, हथियारों तथा मानव तस्करी से संबंधित मामलों से निपटने में सहायता मिलेगी।

**********

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज गौशालाओं के लिए 216 करोड़ 25 लाख रुपये की चारा अनुदान राशि जारी की।पंचकूला में गौ सेवा सम्मान समारोह को संबोधित कर उन्होंने कहा कि प्रदेश में गौ-चरान की भूमि चिन्हित की जाएगी और पंचायतों द्वारा इस भूमि को ठेके पर देने से मिलने वाले पैसे का उपयोग गौशालाओं के लिए किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ-चरान की भूमि को चारा उगाने के लिए गौशालाओं को आवंटित करने के लिए अधिकारियों को रणनीतिक योजना बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गौ वंश की टैगिंग भी की जाएगी -

सी एम -ए

उन्होंने कहा कि गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए बायोगैस सयंत्र लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा और तकनीकी सहायता सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा, गाय के गोबर से तैयार होने वाली प्रोमो खाद की विधि भी गौशालाओं के साथ साझा की जाएगी। उन्होंने कहा कि गौशालाओं को गाय के गोबर से पेंट, गौमूत्र से फिनायल, साबुन, शैंपू आदि उत्पाद बनाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। इन उत्पादों की बिक्री में सरकार की ओर से सहयोग किया जाएगा।आकाशवाणी समाचार से बातचीत में पंचकूला  में गौवन के संरक्षक विजय कुमार अग्रवाल ने कहा-

विजय कुमार अग्रवाल

इस दौरान मुख्यमंत्री ने आत्मनिर्भर बनने वाली गौशाला संचालकों को भी सम्मानित किया।

***********

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला में आयोजित नव चयनित पटवारियों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में पटवारियों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण की अवधि डेढ़ वर्ष से कम कर एक वर्ष करने की घोषणा की।

सी एम -बी

मुख्यमंत्री ने नव चयनित पटवारियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश में पहली बार एक साथ 2 हजार 605 पटवारियों की भर्ती की गई है। मुख्यमंत्री ने सभी पटवारियों से ईमानदारी और पारदर्शिता के पथ पर चलते हुए जनता के साथ संवाद स्थापित कर आम लोगों की समस्याओं का तत्परता से समाधान करने का आह्वान किया। साथ ही उन्हें विभाग की सभी प्रक्रियाओं को सरल और प्रभावी बनाते हुए तकनीकी और प्रशासनिक नवाचारों को अपनाने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल नुकसान की स्थिति में पटवारी का दायित्व है कि सही आंकड़े सरकार को दें ताकि प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा समय पर मिल सके।

पूर्ववर्ती सरकारों में हरियाणा प्रदेश में नौकरियों में भ्रष्टाचार का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने इस व्यवस्था को बदलने का काम किया है। आज बिना खर्ची-पर्ची के गरीब परिवार का युवा भी मेरिट के आधार पर अधिकारी के पद पर भर्ती हो रहा है।

***********

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा है कि प्रदेश में एच.एम.पी.वी से संक्रमण का कोई मरीज नहीं है, फिर भी स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से चौकस है। उन्होंने प्रदेश के सभी सिविल सर्जन को इन्फ्लूएंजा, एचएमपीवी, आरएसवी एवं सांस संबंधी अन्य बीमारियों के इलाज के लिए उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के महानिदेशक

की ओर से भी सिविल सर्जन को एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें एचएमपीवी को लेकर सतर्क रहने और प्रभावी तैयारी सुनिश्चित करने को कहा गया है।

***********

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबन्धक समिति के आम चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया का कार्य पूरा हो गया है। चुनाव के लिए 302 नामांकन प्राप्त हुए हैं।

***********

हरियाणा के सभी विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में इस साल से नई शिक्षा नीति पूरी तरह लागू हो जाएगी।अंबाला छावनी के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज नई शिक्षा नीति को लागू करने को लेकर आयोजित कार्यशाला में उच्चतर शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक हेमंत वर्मा ने यह जानकारी दी।श्री हेमंत वर्मा ने बताया कि नई शिक्षा नीति लागू करने के लिए सभी मंडलों के महाविद्यालयों की कार्यशाला आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति लागू करने के लिए 12 जनवरी को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से एक सुझाव पोर्टल जारी किया जायेगा।

हेमंत वर्मा

उन्होंने बताया कि आज अंबाला व करनाल मंडल के एक सौ से अधिक सरकारी व निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों के लिए आयोजित इस कार्यशाला में नई शिक्षा नीति और इस को लागू करने के समक्ष पेश आ रही चुनौतियों पर चर्चा की है।

***********

जींद जिले के उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा एवं पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने आज जिला भर के विभिन्न नशा मुक्ति केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।आकाशवाणी समाचार से बातचीत में उपायुक्त ने बताया कि जिले में चल रहे तीन नशा मुक्ति केंद्रों की जांच की गई है।

डी सी जींद

निरीक्षण के दौरान उनके साथ स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों सहित अनेक विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।